छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

//आदेश//

CHHATTISGARH CMO

नवा रायपुर, दिनांकः 10.09.2024

**क्रमांक ई 1–03/2024/एक–2::** राज्य शासन एतद्द्वारा **श्रीमती ऋचा शर्मा**, भा.प्र.से. (1994), अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ–साथ **अपर मुख्य सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

2/ **श्री रजत कुमार**, भा.प्र.से. (2005) को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटने पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त **सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग** के पद पर पदस्थ करते हुए **सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग (रेल परियोजनायें) विभाग** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

श्री रजत कुमार, भा.प्र.से. द्वारा सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग (रेल परियोजनायें) विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से **श्री पी. दयानंद, भा.प्र.से.** (2006), सचिव, माननीय मुख्यमंत्री तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, ऊर्जा विभाग, सचिव, खनिज साधन विभाग, सचिव, जनसंपर्क विभाग, अध्यक्ष, छ.ग. स्टेट पावर कंपनी, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग (रेल परियोजनायें) विभाग, सचिव, विमानन विभाग केवल **सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग (रेल परियोजनायें) विभाग** के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

3/ **श्री अंकित आनंद, भा.प्र.से.** (2006), सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग तथा अति. प्रभार सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, सचिव, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त **सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग** के पद पर पदस्थ करते हुए **सचिव, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग एवं अध्यक्ष, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

श्री अंकित आनंद, भा.प्र.से. द्वारा सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा अध्यक्ष, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से **सुश्री आर. शंगीता, भा.प्र.से.** (2005), सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग, अध्यक्ष, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, आबकारी आयुक्त केवल **सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा अध्यक्ष, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल** के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी। शेष प्रभार यथावत रहेगा।

4/ **श्री बसवराजू एस.**, भा.प्र.से. (2007), सचिव, माननीय मुख्यमंत्री तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को केवल **सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण** विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए **सचिव, विमानन विभाग** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

2.....

श्री बसवराजू एस., भा.प्र.से. द्वारा सचिव, विमानन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से **श्री पी. दयानंद, भा.प्र.से.** (2006), सचिव, माननीय मुख्यमंत्री तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, ऊर्जा विभाग, सचिव, खनिज साधन विभाग, सचिव, जनसंपर्क विभाग, अध्यक्ष, छ.ग. स्टेट पावर कंपनी, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग (रेल परियोजनायें) विभाग, सचिव, विमानन विभाग केवल **सचिव, विमानन विभाग** के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

5/ **श्री भीम सिंह**, भा.प्र.से. (2008), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त **सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग** के पद पर पदस्थ करते हुए **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

6/ **श्री राजेश सिंह राणा**, भा.प्र.से. (2008), सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. राज्य कौशल विकास अधिकरण को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा** के पद पर पदस्थ करते हुए **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. राज्य कौशल विकास अधिकरण** का अति. प्रभार सौंपता है।

श्री राजेश सिंह राणा, भा.प्र.से. द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम–12 के तहत् मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिसमय वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है।

7/ **श्री भूरे सर्वेश्वर नरेन्द्र**, भा.प्र.से. (2011), सचिव, छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ–साथ **मिशन संचालक, जल जीवन मिशन** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

श्री भूरे सर्वेश्वर नरेन्द्र, भा.प्र.से. द्वारा मिशन संचालक, जल जीवन मिशन का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से **श्री सुनील कुमार जैन, भा.प्र.से.** (2009), संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष सचिव, खनिज साधन विभाग, विशेष सचिव, ऊर्जा विभाग, मिशन संचालक, जल जीवन मिशन, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य खनिज विकास निगम केवल **मिशन संचालक, जल जीवन मिशन** के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। शेष प्रभार यथावत रहेगा।

8/ **श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला**, भा.प्र.से. (2011), प्रबंध संचालक, छ.ग. पर्यटन मंडल, रायपुर तथा अति. प्रभार संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त **संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण** के पद पर पदस्थ करता है।

9/ **श्री प्रभात मलिक**, भा.प्र.से. (2015), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स), रायपुर तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव, सुशासन एवं अभिसरण विभाग, संयुक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ–साथ **संचालक, उद्योग** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

CHHATTISGARH CMO

3.....

श्री प्रभात मलिक, भा.प्र.से. द्वारा संचालक, उद्योग का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से **श्री अरूण प्रसाद पी., भा.व.से.** (2006), सदस्य–सचिव, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक, उद्योग एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य औद्योगिक विकास निगम केवल **संचालक, उद्योग** के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

10/ **श्री विवेक आचार्य, भा.व.से. (2006),** संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ–साथ **प्रबंध संचालक, छ.ग. पर्यटन मंडल** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

11/ **श्री विश्वेश कुमार, भा.व.से. (2007),** प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) एवं क्षेत्र संचालक, उदंती–सीतानदी टायगर रिजर्व, गरियाबंद की सेवायें वन विभाग से प्रतिनियुक्ति पर लेते हुए आगामी आदेश पर्यन्त **प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य औद्योगिक विकास निगम** के पद पर पदस्थ करता है।

श्री विश्वेश कुमार, भा.व.से. द्वारा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य औद्योगिक विकास निगम का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से **श्री अरूण प्रसाद पी., भा.व.से.** (2006), सदस्य–सचिव, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक, उद्योग एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य औद्योगिक विकास निगम केवल **प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य औद्योगिक विकास निगम** के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

CHHATTISGARH CMO

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से**
**तथा आदेशानुसार,**

**(अन्वेष घृतलहरे)**
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

**पृ.क्र.: ई 1–03/2024/एक–2** **नवा रायपुर, दिनांक: 10.09.2024**

**प्रतिलिपिः–**

1. संस्थापन अधिकारी, भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, (कैरियर मैनेजमेंट डिवीजन), नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली,
2. अनुसंधान अधिकारी (केरियर मैनेजमैंट), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कमरा नं. 215, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली,
3. सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पर्यावरण भवन, जोर बाघ रोड, अलीगंज, नई दिल्ली
4. अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन/खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर,
5. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, छत्तीसगढ़, अरण्य भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
6. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर,

4.....

7. सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर,
8. सचिव, माननीय राज्यपाल, राजभवन, रायपुर,
9. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन/खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण/वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम/वाणिज्य एवं उद्योग (रेल परियोजनायें)/योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी/बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन/आवास एवं पर्यावरण/विमानन/पंचायत एवं ग्रामीण विकास/ऊर्जा/कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर,
10. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, रायपुर,
11. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली,
12. संभागायुक्त, रायपुर/बिलासपुर/सरगुजा/बस्तर/दुर्ग, छत्तीसगढ़,
13. आयुक्त, जनसंपर्क,
14. अध्यक्ष, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
15. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा/छ.ग. राज्य कौशल विकास अधिकरण/छ.ग. राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण
16. संचालक/प्रबंध संचालक/मिशन संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण/उद्योग/पर्यटन मंडल/छ.ग. राज्य औद्योगिक विकास निगम/जल जीवन मिशन,
17. मुख्य सचिव के अवर सचिव, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर,
18. अवर सचिव, महाधिवक्ता कार्यालय, उच्च न्यायालय परिसर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़,
19. अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन (स्था./अधी.)/गृह विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर,
20. संबंधित अधिकारीगण/व्यक्तिगत नस्ती/आर्डर बुक,
21. मुख्य लेखाधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर,
22. कोषालय अधिकारी, जिला/इंद्रावती कोषालय, रायपुर/गरियाबंद/नवा रायपुर अटल नगर,
23. संचालक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, रायपुर की ओर अगले राजपत्र में प्रकाशनार्थ,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अवर सचिव,**
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

D:\Vinod\F Drive Esta\Establishment\Order-IAS.DOC